बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

Corporate Communications & Investor Relations
Head Office: LOKMANGAL, SHIVAJINAGAR, PUNE-5
TELE -020 :25614495, 25614366, 25514501 to 12 Extn.

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने एटी1 बांड के द्वारा रू. 710 करोड़ जुटाए
बेस इश्यू से 10 गुणा अधिक सब्सक्राइब

पुणे, 7 सितंबर, 2022: बैंक ऑफ महाराष्ट्र, देश के सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है। बैंक द्वारा बुधवार को 8.74 प्रतिशत की कूपन दर पर रू.710 करोड़ (610 करोड़ रुपये के ग्रीन शू विकल्प सहित) के बेसल III अनुपालक अतिरिक्त टियर 1 (एटी1) बांड जुटाए हैं। इस इश्यू को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिसाद मिला, जिसमें रू. 100 करोड़ के बेस इश्यू साइज की तुलना में 10 गुणा अधिक सब्सक्राइब हुआ है । निर्गम के खुलने के पंद्रह मिनट में एटी1 बांड पूर्णत: सब्सक्राइब हो गए।

एटी1 बांड के माध्यम से जुटाई गई रू.710 करोड़ की पूंजी बैंक की व्यवसाय वृद्धि में सहयोग करेगी। एटी1 इंस्ट्रूमेंट बेमियादी स्वरूप के हैं, जिसमें 5 साल बाद कॉल ऑप्शन उपलब्ध है।

बैंक को एटी 1 बांड के लिए एए (स्टेबल) की क्रेडिट रेटिंग दी गई है।